प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 10.05.2025 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. भारत और पाकिस्तान ने आज शाम 5 बजे से गोलीबारी और सैन्य कार्रवाई रोकने पर जताई सहमति : 12 मई को दोनों देशों के सैन्य संचालन महानिदेशक दोबारा करेंगे बातचीत।
2. भारत न देश के कई ठिकानों को नष्ट करने के पाकिस्तान के दावों को बताया भ्रामक : कहा– भारत की संप्रभुता और अखंडता की रक्षा के लिए भारतीय सशस्त्र बल पूरी तरह प्रतिबद्ध।
3. रक्षामंत्री राजनाथ सिंह कल वर्चुअली लखनऊ में सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल 'ब्रह्मोस' की प्रोडक्शन यूनिट का करेंगे शुभारंभ : ब्रह्मोस की टेस्टिंग सुविधा का भी होगा लोकार्पण। और
4. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज अयोध्या में की विकास कार्यों की समीक्षा : कानून व्यवस्था और सुरक्षा सुनिश्चित करने के दिए निर्देश ।

———————

भारत और पाकिस्तान ने तत्काल प्रभाव से गोलीबारी और सैन्य कार्रवाई रोकने पर सहमति जताई है। विदेश सचिव विक्रम मिसरो ने आज नई दिल्ली में इस संबंध में जानकारी दो। उन्होंने बताया कि पाकिस्तान के सैन्य

संचालन महानिदेशक ने आज दोपहर युद्ध विराम का आह्वान किया, जिसके बाद चर्चा हुई और भारतीय समय अनुसार आज शाम पांच बजे से गोलीबारी और सैन्य कार्रवाई रोकने पर सहमति बनी। विदेश मंत्रालय ने स्पष्ट किया कि सैन्य कार्रवाई रोकने पर दोनों देशों के बीच सीधे तौर पर सहमति बनी है। उन्होंने यह भी कहा कि दोनों देशों के बीच किसी अन्य मुद्दे पर किसी अन्य स्थान पर बातचीत करने का कोई निर्णय नहीं हुआ है। उन्होंने बताया कि सैन्य संचालन महानिदेशक 12 मई को दोबारा बातचीत करेंगे।

————————

भारत और पाकिस्तान के बीच सैन्य कारवाई रोकने की सहमति के बाद नई दिल्ली में एक प्रेस वार्ता के दौरान कमोडोर रघु आर नायर ने बताया कि भारतीय सेना, भारतीय नौसेना और भारतीय वायु सेना को इस सहमति का पालन करने के निर्देश दिए गए हैं। कर्नल सोफिया कुरैशी ने बताया कि भारत की तरफ से की गई कार्रवाई संतुलित थीं और इस दौरान पाकिस्तान की तरफ से भ्रामक सूचनाएं फैलाई गई। बाइट.....

*पाकिस्तान ने ये क्लेम किया कि उसने अपने जेएफ–17 से हमारे एस–400 व ब्रह्मोस मिसाइल बेस को नुकसान पहुंचाया, जोकि बिल्कुल गलत। दूसरा, उसका ये भी मिसइंफॉर्मेशन कैंपेन था कि हमारी एयरफील्ड जो कि सिढ़सा, जम्मू, पठानकोट, भटिंडा, नालिया और भुज में हैं, ये उसका मिसइंफॉर्मेशन भी बहुत गलत है। तीसरा, पाकिस्तान के मिसइंफॉर्मेशन कैंपेन*

*के मुताबिक हमारे एमिनिशन डंप्स जो चंडीगढ़ और बियास में हैं, उसका डैमेज हुआ। यह भी बिल्कुल गलत हैं।*

**कर्नल सोफिया कुरैशी ने कहा कि भारतीय सशस्त्र बल पूरी तरह से तैयार, सतर्क और भारत की संप्रभुता और अखंडता की रक्षा के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।**

——————

**इससे पहले आज सुबह नई दिल्ली में ऑपरेशन सिंदूर पर एक विशेष प्रेस वार्ता में कर्नल सोफिया कुरैशी और विंग कमांडर व्योमिका सिंह ने भारतीय सशस्त्र बलों की कार्रवाई के बारे में जानकारी दी।**

*पाकिस्तान द्वारा सैन्य ठिकानों को जानबूझकर निशाना बनाने के पश्चात भारतीय सशस्त्र बलों ने त्वरित और सुनियोजित जवाबी हमले के टेक्निकल इंस्टालेशन कमान एंड कंट्रोल सेंटर रडार साइट और हथियार भंडार को चुनकर निशाना बनाया गया। रफीकी, मुरीद, चकलाला, रहमियार खान, सुकूर और चुनियास्थित पाक सैन्य ठिकानों पर एयर लॉन्च्ड स्टीक हथियारों, लड़ाकू जेट सेप्रहार किए गए। पसूर सहित रडार साइट और सियालकोट काएविएशन बेस भी प्रसीजन एम्युनेशन से टारगेट किए गए। इन कार्रवाइयों के दौरान भारतने कम से कम कोलेटरल डैमेज की क्षति सुनिश्चित की।*

**कर्नल कुरैशी ने कहा कि पाकिस्तान ने श्रीनगर से लेकर छलिया तक 26 से अधिक स्थानों पर हवाई मार्ग से घुसपैठ की कोशिश की। बाइट.....**

*पाकिस्तान सेना ने पूरी पश्चिम मोर्चे पर लगातार आक्रामक गतिविधियां जारी रखी। उसमें यूकैप ड्रोन्स, लॉन्ग रेंज वैपन्स, लॉटरिंग एम्युनेशन और लड़ाकू विमानों का उपयोग करभारतीय सैन्य ढांचे को निशाना बनाया। नियंत्रण रेखा पर भी ड्रोन घुसपैठ और भारी कैलिबर हथियारों से गोलाबारी की। अंतरराष्ट्रीय सीमा और एलओसी पर श्रीनगर से नलिया तक 26 से*

*अधिक स्थानों पर हवाई घुसपैठ के प्रयास किए गए। भारतीय सशस्त्र बलों ने अधिकांश खतरों को सफलतापूर्वक निष्क्रिय किया।*

विंग कमांडर व्योमिका सिंह ने बताया कि भारत ने पसूर और सियालकोट एयरबेस पर रडार साइटों को भी निशाना बनाया।

————————

भारत द्वारा सात मई को ऑपरेशन सिंदूर शुरू किए जाने के बाद से पाकिस्तान में जैश–ए–मोहम्मद और लश्कर–ए–तयबा के पांच कुख्यात आतंकवादी मारे गए हैं। सूत्रों के अनुसार इन आतंकियों में मुदस्सर खादियन खास उर्फ अबू जुंदाल, मौलाना मसूद अजहर का निकट संबंधी हाफिज मुहम्मद जमील, मोहम्मद यूसुफ अजहर, खालिद उर्फ अबु अक्शा और मोहम्मद हसन खान शामिल हैं।

————————

केंद्र सरकार ने सभी मीडिया चनलों को सलाह जारी की है कि वे सामुदायिक जागरूकता अभियान के अलावा अपने कार्यक्रमों में नागरिक सुरक्षा हवाई हमले के सायरन की आवाज़ का इस्तेमाल न करें। गृह मंत्रालय ने अपने बयान में कहा कि सायरन के नियमित इस्तेमाल से हवाई हमले के सायरन के प्रति नागरिकों की संवेदनशीलता कम हो सकती है और नागरिक वास्तविक हवाई हमलों के दौरान इसे सामान्य बात समझ सकते हैं।

————————

केंद्र सरकार ने उन दावों को खारिज कर दिया है कि पाकिस्तान के साइबर हमले के कारण भारत की 70 प्रतिशत बिजली ग्रिड खराब हो गई है। पत्र सूचना कार्यालय की तथ्य जांच इकाई ने सोशल मीडिया पोस्ट में बताया कि ये दावे फर्जी हैं।

————————

**ब्रेक**

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

———————————

रक्षामंत्री राजनाथ सिंह कल वर्चुअल माध्यम से उत्तर प्रदेश डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर के लखनऊ नोड पर सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल 'ब्रह्मोस' की प्रोडक्शन यूनिट का शुभारंभ करेंगे। उद्घाटन कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी शामिल होंगे। पेश है एक रिपोर्ट....

*ब्रह्मोस प्रोडक्शन यूनिट 300 करोड़ रुपये की लागत से तैयार की गई है। इसके साथ ही, ब्रह्मोस एयरोस्पेस की इंटीग्रेशन एवं टेस्टिंग फैसिलिटी परियोजना का भी लोकार्पण होगा, जो मिसाइलों के परीक्षण और एकीकरण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। ब्रह्मोस मिसाइल के प्रोडक्शन यूनिट के*

*शुभारंभ के अवसर पर टाइटेनियम एंड सुपर एलॉयस मैटेरियल्स प्लांट का भी उद्‌घाटन होगा। यह प्लांट एयरोस्पेस और डिफेंस सेक्टर के लिए उच्च गुणवत्ता वाले सामग्रियों का उत्पादन करेगा, जिनका उपयोग चंद्रयान मिशन और लड़ाकू विमानों में किया जाएगा। आकाशवाणी समाचार कक्ष से राघवेंद्र त्रिपाठी।*

---

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज अयोध्या में 115 लाख रुपए की लागत से प्राचीन संत रविदास मंदिर में मूलभूत सुविधाओं, सौंदर्यीकरण कार्य और सत्संग भवन का लोकार्पण किया। इस अवसर पर श्री योगी ने कहा कि बिना किसी भेदभाव के सभी को मिलकर विकसित भारत के लिए कार्य करना है। बाइट....

*हर भारतवासी से एक बात कहते हैं कि हमें विकसित भारत केलिए कार्य करना है। विकसित भारत का मतलब जहां पर किसी प्रकार का जातिभेद न हो। जहां पे किसी भी प्रकार का कोईविसमता न हो, नआर्थिक विसमता हो, नसामाजिक विसमता हो। जहां पर किसी भी प्रकार का भाव न हो, हर ओर खुशहाली हो, सुरक्षा का माहौल हो।*

इससे पूर्व श्री योगी ने श्री रामलला और हनुमानगढ़ी में हनुमानजी का दर्शन पूजन किया।

---

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज एक निजी स्कूल कार्यक्रम में कहा कि शिक्षा केवल अच्छे अंकों तक सीमित नहीं होनी चाहिए, बल्कि इसे नैतिक मूल्यों, संस्कारों और राष्ट्र प्रथम की भावना से जोड़ना चाहिए। उन्होंने कहा कि

सभी के लिए नेशन फर्स्ट ही पहला मंत्र होना चाहिए।

बाइट....

*हर भारतवासी के लिए नेशन फर्स्ट का ये सिद्धांत जब उसके सामने होगा। नेशन फर्स्ट का सिद्धांत जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में हम अपने देश को प्राथमिकता दें। हमारा जो कुछ भी है, कोई शिक्षा के क्षेत्र में होगा, कोई प्रशासन के क्षेत्र में होगा, कोई समाज सेवा के क्षेत्र में होगा, कोई स्पोर्ट्स के क्षेत्र में होगा, कोई कला के क्षेत्र में होगा, कोई कृषि के क्षेत्र में होगा, कोई अलग–अलग जीवन के अलग–अलग क्षेत्रों में होंगे। लेकिन सबका लक्ष्य नेशन फर्स्ट होना चाहिए.*

इससे पहले श्री योगी ने आईसीएससीई बोर्ड के 10वीं–12 वीं के टॉपर्स, जेईई मेन टॉपर स्टूडेंट्स को सम्मानित किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने शिक्षकों को भी सम्मानित किया।

———————

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशों के क्रम में आज प्रदेश में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। जनपद हमीरपुर में आपसी सुलह समझौता के आधार पर 13 हजार 642 वादों का निस्तारण करते हुये 5 करोड़ 67 लाख का राजस्व प्राप्त किया गया। औरैया में आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत में कुल 839 मामलों का निस्तारण किया गया।

———————

मौसम विभाग ने आज और कल के लिए प्रदेश में गरज चमक के साथ बारिश का यलो अलर्ट जारी किया है।

इस दौरान कई जगहों पर तेज हवाएं चलने का भी अनुमान जताया गया है।

(समाप्त)